आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज मनु भाकर से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में देश के लिए दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन से उत्साहित है।

****

वक्फ–संशोधन विधेयक, दुई हजार चौबीस के आजु लोकसभा में पेश कइल गइल। जहवां बहस के बाद येह से जहां बहस के बाद इसे सरकार की ओर से ही संयुक्त संसदीय समीति जेपीसी में भेजने का प्रस्ताव किया गया। स्पीकर ने इस संबंध में कहा कि वह जल्द ही इसके लिए कमेटी बनाएगें। इससे पहले आज सुबह अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन अधिनियम, उन्नीस सौ पच्चानबे में संशोधन करने के लिए निचले सदन में विधेयक पेश किया। विधेयक का उद्देश्य राज्य वक्फ बोर्डों की शक्तियों और कामकाज के साथ–साथ वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण और सर्वेक्षण से संबंधित मुद्दों का समाधान करना है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कहा कि पिछले दस सालों में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र मे बड़ा परिवर्तन हुआ है और सरकार इस क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश कर रही है। राजधानी लखनऊ में तीन सौ बेड वाले सुपर स्पेसियलिटी अस्पताल का लोकापर्ण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंवेस्टर्स समिट के जरिए इस अस्पताल को बनाने के समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे और अब ये समझौता धरातल पर उतरा है। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए सरकार के प्रयास बेहतर कानून व्यवस्था की वजह से अब रंग ला रहे हैं। और बड़ी संख्या में निवेशक प्रदेश में निवेश कर रहे है।

****

उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे ज्यादा पांच करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाये हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर प्रदेश के बड़े प्राइवेट अस्पतालों जैसे अपोलो, मेदान्ता और रिजेंसी आदि में भी आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज हो रहा है। प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पांच करोड़ ग्यारह लाख बहत्तर हजार छः सौ सैंतालिस आयुष्मान कार्ड धारक वर्तमान मे मौजूद हैं जिन्हे सत्ताईस सौ से ज्यादा प्राईवेट अस्पतालों समेत पांच हजार छः सौ से अधिक अस्पतालों मे इलाज मिल रहा है। इस योजना के अंतगर्त अब तक पैतालिस लाख से ज्यादा मरीजों का इलाज हो चुका है जिनमे से एक लाख से ज्यादा मरीज दूसरे राज्यों के है सरकार गरीबों और जरूरतमंदो के इलाज पर अब तक सात हजार करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च कर चुकी है।

****

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस वर्ष चार करोड़ तीस लाख से अधिक घरों और प्रतिष्ठानों में तिरगा फरहराने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष इस अभियान के तहत देश में सबसे ज्यादा झंडे उत्तर प्रदेश में फहराये गये थे और नागरिकों द्वारा सर्वाधिक संख्या में सेल्फी भी अपलोड की गयी थी। इस वर्ष भी हर घर तिरगां अभियान के तहत विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के सहयोग से झंडा वितरण कराया जाएगा और नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

****

अयोध्या दुष्कर्म मामले में पुलिस आरोपियों का डीएनए टेस्ट कराएगी। अयोध्या जेल मे बंद दोनों आरोपियों मोईद खान और राजू का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को पीड़िता के परिवार वालों की सहमति और डाक्टरों की सलाह पर लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज में पीडिता का गर्भपात कराया गया था और भ्रूण का डीएनए सैंपल लिया गया था। दोनों आरोपियों का डीएनए टेस्ट करवाकर कोर्ट में सबूत के तौर पर पेश किया जाएगा।

****

प्रदेश के परिवहन मंत्री और देवरिया जिले के प्रभारी दयाशंकर सिंह ने आज जिले के मेहरौना स्थित राजकीय आश्रम प्रद्धति विद्यालय में खराब खाने के चलते बीमार हुए छात्रों से मुलाकात की । परिवहन मंत्री ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के साथ पहुंच कर छात्रों का हालचाल पूछा और छात्रों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया । इस घटना में खराब और बासी खाना खाने की वजह से लगभग साठ छात्रों की तवियत खराब हो गयी थी जबकि एक छात्र की मौत हो गयी थी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाग पंचमी पर्व के मौके पर प्रदेश वासियों को बधाई दी हैं। प्रदेश भर में कल नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश मे कहा कि नाम पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ जुड़ाव का प्रतीक है। प्रदेश भर में सावन के पवित्र महीने में विभिन्न शिवालयों में कांवड़ियों की ओर से जलाभिषेक का सिलसिला जारी है। वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में सावन मास का प्रसिद्ध मणिपर्वत मेला कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में दूर दूर से आ रहे श्रद्धालु, मणि भगवान का दर्शन कर के पूजा अर्चना कर रहे हैं। इसी के साथ अयोध्या के सभी मंदिरों में भगवान का झूलनोत्सव भी प्रारंभ हो गया है। यह मेला आने वाले पखवारे भर तक चलेगा।

****

सेना भर्ती कार्यालय वाराणसी की ओर से आयोजित अग्निवीर सेना भर्ती के पांचवें दिन आज गाजीपुर एवं गोरखपुर जनपद के लिए जनरल ड्यूटी की दौड़ संपन्न हुई। आज बुलाए गए एक हजार चार सौ उन्नयासी अभ्यर्थियों में से एक हजार दो सौ उनतीस ने दौड़ में भाग लिया और पांच सौ इकत्तीस अभ्यर्थी रेस में पास हुए। रणबांकुरे मैदान में बारिश होने की संभावना के चलते आज रेस का आयोजन सड़क मार्ग पर किया गया जिसके लिए पुलिस एवं प्रशासन ने आवश्यक इंतजाम किए। कल जनरल ड्यूटी के लिए जनपद बलिया की रेस होगी।

****